नया रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिये क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला की होगी स्थापना

चर्चा में क्यों?

17 अगस्त, 2022 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बंगलूरू और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य नवा रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिये राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला तथा परीक्षण केंद्र की स्थापना हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद और सीपीआरआई के एडिशनल डायरेक्टर बी.ए. सावले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये।
- नवा रायपुर में केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बंगलूरू द्वारा स्थापित की जाने वाली क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे बृहद् प्रयोगशाला होगी, जिसमें ट्रांसफॉर्मर, रुटीन टेस्ट, मीटर टेस्टिंग, ऑयल टेस्टिंग एवं समस्त विद्युत उपकरण के रुटीन टेस्ट की सुविधा होगी। वर्तमान में विद्युत उपकरणों को टेस्टिंग के लिये भोपाल भेजा जाता है।
- छत्तीसगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध होने से समय एवं राजस्व में बचत होगी। इस प्रयोगशाला में विद्युत कंपनियों को टेस्टिंग में 20 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। प्रयोगशाला के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना की जाएगी, जिसमें विद्युत कंपनियों एवं निजी संस्थानों के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी।
- प्रयोगशाला तथा परीक्षण केंद्र की स्थापना हेतु अटल नगर नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नया रायपुर क्षेत्र के लेयर-2 ग्राम- तेंदुआ, सेक्टर-30 में 10 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है।
- प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य 20 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से 36 माह में पूर्ण किया जाएगा।
- रायपुर में स्थापित होने वाली क्षेत्रीय टेस्ट लेबोरेटरी में हाई वोल्टेज लेबोरेटरी (इम्पल्स टेस्ट 400 केवी), रुटीन टेस्ट लेबोरेटरी फॉर ट्रांसफॉर्मर (10 एमवीए तक), टेम्परेचर राईज टेस्ट फेसिलिटी फॉर ट्रांसफॉर्मर (10 एमवीए तक), एनर्जी मीटर टेस्ट लेबोरेटरी फॉर स्मार्ट मीटर और साइबर सिक्यूरिटी टेस्ट लेबोरेटरी फॉर सबस्टेशन इक्यूपमेंट्स एंड स्मार्ट मीटर की सुविधा उपलब्ध होगी।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अधीन गठित सार्वजनिक उपक्रम है। इस संस्थान द्वारा पावर सेक्टर के निर्माताओं एवं यूटिलिटी में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये विभिन्न सेवाओं, पावर सेक्टर में एप्लाइड रिसर्च को प्रोत्साहन तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दक्षता एवं विश्वसनीयता में सुधार हेतु परामर्श सेवाएँ दी जाती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/establishment-of-regional-test-laboratory-for-testing-of-electrical-equipments-in-naya-raipur